लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या1041

02 मार्च, 2015 को उत्तवर के लिए

इस्पात संयंत्रों में दुर्घटनाएं

1041. श्री अरविंद सावंत:
श्री कृपाल बालाजी तुमाने:
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के विभिन्न इस्पात संयंत्रों में घटित दुर्घटनाओं और उनकी प्रकृति का संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन दुर्घटनाओं में कितने लोग मारे गए/घायल हुए और संपत्ति का अनुमानत: कितना नुकसान हुआ;

(ग) इन दुर्घटनाओं में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे की कितनी धनराशि का भुगतान किया गया;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इन संयंत्रों के रख-रखाव पर कितना औसत वार्षिक व्यय किया गया; और

(ङ) सरकार द्वारा इन दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्त/र

इस्पांत और खान राज्यर मंत्री **श्री विष्णुष देव साय**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों की अवधि के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न इस्पा)तसंयंत्रों में जो दुघर्टनायें हुई हैं उनका ब्यौसा दर्शाने वाला एक विवरण **अनुलग्निक** के रूप में संलग् न है। इन संयंत्रों में दुर्घटनाएं ऊंचाई से गिरने, जहरीली गैस फैलने, बिजली का करंट लगने, जलने, आग/विस्फोस्ट आदि जैसे कारणों से हुई है। यद्यपि संबंधित अवधि के दौरान सेल में इन दुर्घटनाओं के कारण संपत्ति को कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है। तथापि , इस्कोद इस्पावत संयंत्र में दिनांक 25.09.2014 को हुई अग्नि/विस्फोीट दुर्घटना के परिणामत: संपत्ति को हुए नुकसान का मूल्यांकन किया जा रहा है। आरआईएनएल में दिनांक 13.6.2012 को हुई एक बड़ी दुर्घटना में अनुमानत: 8.71 करोड़ रूपए की सम्पत्ति क्षतिग्रस्त हुई है।

इस्पासतएक नियंत्रणमुक्त6क्षेत्र है। देश में बड़ी संख्यान्में इस्पा तकारखाने/संयंत्र मौजूद हैं। इसलिए, इस्पाहतमंत्रालय द्वारा निजी इस्पाहतक्षेत्र के संबंध में अपेक्षित आंकड़े/सूचनाएं नहीं रखी जाती हैं।

(ग) नि यमित कर्मचारियों की घातक दुर्घटनाओं के मामले में प्रतिपूर्ति कानून /कंपनी नीति के अनुसार प्रदान की जाती है। सेल और आरआईएनएल अपने कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति का भुगतान दि इम्पालोई काम्पएनसेशनएक्टए़ इम्पलोई फैमिली बेनिफिट स्कीम और कंपनी नीति के अनुसार रोजगार से और रोजगार के दौरान हुई दुर्घटना के कारण मृ त्यु/विकलांगता की दशा में करते हैं। संविदागत श्रमिक के मामले में प्रतिपूर्ति /आश्रित लाभ का भुगतान कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईएस) द्वारा कर्मचारी राज्यतबीमा योजना (ईएसआईएस) के अंतर्गत किया जाता है। सेल और आरआईएनएल ने वर्ष 2012 से अब तक घायल व्यनक्तियोंऔर मृत कर्मचारियों के परिवारों को प्रतिपूर्ति के रूप में कुल मिलाकर 19,20,21,578 रूपये का भुगतान किया है।

(घ) वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान सेल और आरआईएनएल के विभिन्न संयंत्रों के अनुरक्षण पर क्रमश: लगभग 6165 करोड़ रूपये और 868.54 करोड़ रूपये का औसतन वार्षिक खर्च (मरम्मत कार्य, पाइपलाइनों में परिवर्तन, बिजली मरम्मत कार्य और यांत्रिकी अनुरक्षण कार्य पर हुए खर्च समेत) किया गया था।

(ङ) सेल और आरआईएनएल दोनों ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अनेक उपाय किए हैं। इन उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ अनुरक्षण समय कार्यक्रम का अनुपालन करना , सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती के साथ पालन करना , नियमित निरीक्षण, सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण और जागरूकता, सुरक्षा लेखा परीक्षा करना, व्ययक्तिगत सुरक्षा उपस्कुरों के प्रयोग पर बल देना और कारखाना अधिनियम , 1948 के प्रावधानों के अनुसार तैयार आपातकालीन योजना का उचित क्रियान्वनयन करना आदि शामिल है।

*****

अनुलग्नरक

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान स्टींल ऑथिरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) और राष्ट्री य इस्पांत निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न इस्पाात संयंत्रों और यूनिटों में घटित होने वाली दुर्घटनाओं का विवरण (संयंत्रवार)

संयंत्र/यूनिट	**घातक दुर्घटनाएं (फैटलिटी)**				**अन्य सूचना योग्यै दुर्घटनाएं (घातक दुर्घटनाओं को छोड़कर)**			
अवधि	**2012**	**2013**	**2014**	**2015 (24 फरवरी, 2015 तक)**	**2012**	**2013**	**2014**	**2015 (जनवरी, 2015 तक)**
स्टीजल ऑथिरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड								
भिलाई इस्पाओत संयंत्र (छत्ती सगढ़)	1	5	8	1	6	10	11	0
दुर्गापुर इस्पा0त संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	7	7	4	0	0	3	2	0
राउरकेला इस्पा0त संयंत्र (ओडिशा)	5	2	2	0	4	4	1	1
बोकारो इस्पा0त संयंत्र (झारखंड)	9	6	2	0	6	5	8	0
इस्को इस्पाात संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	3	3	8	0	8	7	29	1
एलॉय इस्पाोत संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	0	0	0	0	0	0	3	0
सेलम इस्पासत संयंत्र (तमिलनाडु)	0	0	0	0	1	0	5	0
विश्वैलश्वसरैया आयरन एंड स्टीडल प्लांट (कर्नाटक)	0	0	0	0	8	3	1	0
चंद्रपुर फेरो एलॉय प्लांट (महाराष्ट्र)	0	0	0	0	4	2	2	1
स्टॉ कयार्ड	1	0	2	0	1	0	0	0
रॉ मटेरियल डिवीजन (माइंस) (ओडिशा)	0	3	1	0	2	5	3	0
भिलाई माईन्स (छत्ती सगढ़)	1	0	0	0	17	19	10	0
कोलरिज (झारखंड)	0	2	0	0	1	1	1	0
सेल रिफ्रेक्ट्री यूनिट (छत्तीरसगढ़)	0	0	0	0	20	16	10	0
कुल (सेल)	**27**	**28**	**27**	**1**	**78**	**75**	**86**	**3**
राष्ट्री यइस्पात निगम लिमिटेड	**25**	**3**	**5***	**1****	**33**	**20**	**14**	**3****
कुल योग	**52**	**31**	**32**	**2**	**111**	**95**	**100**	**6**

* विस्तागर यूनिटों के 02 व्यक्तियों को आरआईएनएल को सौंपा नहीं गया।

** 20 फरवरी, 2014 तक